तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
धान उठाव के मिलान के बाद राइस मिलर्स पर लगाई जाएगी पेनाल्टी



## खबर संक्षेप

### डीएव्ही में आरटीई कोटा के रिक्त सीट हेतु आवेदन 10 तक

**कोरबा।** जिले में संचालित 5 डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बडमार, जेंजरा, खरमोरा, सैला, डोगरतराई में के.जी. 1 में शिक्षा के अधिकार के तहत एवं शासकीय कोटा के रिक्त सीट में प्रवेश दिया जा रहा है। इस हेतु आवेदन संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में 10 मई तक जमा कर सकते हैं। शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबी रेखा तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं पात्र होंगे एवं शासन कोटा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, निःशक्तजन, निर्धन वर्ग, परित्यक्ता, मातृ-पितृ हीन के छात्र/छात्रा आवेदन के पात्र है। शासकीय कोटा एवं शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई शाम 5 बजे तक है। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है।

### लेखापाल के रिक्त संविदा पद पर भर्ती हेतु आवेदन आज

**कोरबा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कोरबा में लेखापाल के स्वीकृत 1 रिक्त पद की पूर्ति किया जाना है। पंचायत संचालनालय अंतर्गत लेखापाल के 1 रिक्त संविदा पद पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2021 एवं पंचायत संचालनालय छ.ग. विकास भवन अटल नगर रायपुर द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान हेतु जारी मार्गदर्शिका में विहित प्रावधान अनुसार निर्धारित सेवा शर्तों, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से लेखापाल के 1 रिक्त संविदा पद हेतु 30 अप्रैल शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा के नाम पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

### कार्यकर्ता व सहायिका भर्ती हेतु दावा आपत्ति 2 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र अघरियापारा एवं खोड्डल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 कुल दो पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र उरगा, सोनगुढ़ा, गहनिया व दूधीटांगर में आंगनबाड़ी सहायिका के 1-1 कुल 4 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन मंगाया गया था। जिसका मूल्यांकन समिति द्वारा प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। उपरोक्त प्रावधिक मूल्यांकन पत्र कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण के सूचना पटल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जारी मूल्यांकन पत्रक में दावा आपत्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी से 2 मई तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण में की जा सकती है।

# स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही शुरू, दो स्तरीय समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पिछले एक साल से लंबित पड़े स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही फिर शुरु हो गई है इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार को जिला प्रशासन को पत्र जारी किया है। जिसके लिए दो स्तर की कमेटी बनाई गई है जिनके निर्देश में युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही जून में स्कूल खोलने के पूर्व पूरी की जाएगी इसके लिए बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की रायपुर में बैठक आयोजित की गई है।

जिले में प्राइमरी और मीडिल स्कूल की संख्या लगभग 1900 है जिनमें 1400 प्राथमिक शाला और 500 के लगभग मीडिल स्कूल हैं। इन दोनों में कुछ ऐसे स्कूल हैं जो एक ही परिसर में संचालित हैं। ऐसे स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इससे स्कूलों की संख्या कम होने के साथ विभाग को अतिशेष शिक्षा भी मिल जाएंगे। एक वर्ष पूर्व राज्य सरकार के निर्देश पर युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही शुरु हुई थी। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर शिक्षा विभाग के द्वारा जिले के स्कूलों का आंकड़ा तैयार करना शुरु किया था। इसी बीच कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी अब पुनः युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कुछ नए प्रावधान को शामिल किया गया है जिसके संबंध में राजधानी रायपुर में बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी की बैठक आहूत की गई थी। युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही के लिए जिले में दो स्तरीय कमेटी बनाई गई है। जिसमें जिला स्तर पर कलेक्टर अध्यक्ष होंगे तथा ब्लॉक स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है।

## शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व कार्यवाही होगी पूरी

**खास बातें**

- आज डीईओ और बीईओ की रायपुर में होगी बैठक
- शिक्षक संघ खड़ा हुआ विरोध में



**नए निर्देश पर शुरु होगा काम**

शासन से निर्देश युक्तियुक्तकरण के लिए मिले हैं। उक्त निर्देश के तहत कार्यवाही की जाएगी। दो स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। बुधवार को रायपुर में होने वाली बैठक में जो निर्देश मिलेंगे उसके तहत युक्तियुक्तकरण किया जाएगा।

-टी पी उपाध्याय
जिला शिक्षा अधिकारी

## 2 सौ से अधिक स्कूल होंगे प्रभावित

जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के दौरान एक ही कैंपस में चलने वाले दो प्राथमिक शाला और दो पूर्व माध्यमिक शाला को एक किया जाएगा और शिक्षकों को उन स्कूलों में भेजा जाएगा जिन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या कम है। एक वर्ष पूर्व शिक्षा विभाग के द्वारा शुरु की गई कार्यवाही के तहत जितने स्कूल प्रभावित हो रहे थे उनमें प्राइमरी और मीडिल स्कूल की संख्या 2 सौ से अधिक है। वहीं एक हाईस्कूल और एक हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल है जो एक ही परिसर में संचालित हैं।

### वन विभाग के निर्देश पर नोवा नेचर नामक संस्था कर रही थी शोध

# किंग कोबरा का फैला साम्राज्य, शोध में खुलासा करतला को छोड़कर अब सभी रेंज में है डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा का जंगल पहले ही अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि इस जंगल में पहरचित्ती (किंग कोबरा) भी पाए जाते हैं। वन विभाग किंग कोबरा के कुनबे को बढ़ाने के लिए पिछले 1 साल से कोरबा के जंगल में घूम घूम कर विशेषज्ञों की टीम इस पर रिसर्च कर रही थी। रिसर्च अब लगभग पूरी हो चुकी है जिसमें चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि कोरबा के जंगल में पहले एक रेंज में ही किंग कोबरा पाया जाता था लेकिन अब करतला रेंज को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी रेंज में किंग कोबरा ने अपनी दस्तक दी है जो वन विभाग के लिए एक अच्छी खबर है। आने वाले दिनों में इसकी अनुवांशिकी को लेकर भी शोध किया जा सकता है ताकि इस विलुप्त प्रजाति के किंग कोबरा के कुनबे को और कैसे बेहतर रहवास दिलाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज में पहले गए गाहे बगाहे ही पहरचित्ती (किंग कोबरा) दिखाई देता था जैसे-जैसे किंग कोबरा की उपस्थिति वन विभाग के अफसर के कानों तक पहुंची तो तत्कालीन डीएफओ अरविंद पीएम व एसडीओ आशीष खेलवार ने इन वन्य प्राणियों की सुध ली जब उन्हें पता चला कि यह बहुत ही विलुप्त प्रजाति का किंग कोबरा है फिर क्या था वन विभाग के अफसर भी तत्काल जंगल में जा पहुंचे और इसे लेकर उन्होंने रुचि दिखाई और वरिष्ठ अफसर के निर्देश पर किंग कोबरा को लेकर शोध करने का निर्णय लिया गया। जहां रायपुर की नोवा ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**

- शोध का काम पूरा, अधिकारियों को सौंपी जाएगी रिपोर्ट, फिर होगा काम



जंगलों में देखा गया पहरचित्ती।

## डीएनए अध्ययन के लिए मांगी गई है अनुमति

बताया जाता है कि कोरबा जिला मध्य भारत का इकलौता ऐसा क्षेत्र है, जहां किंग कोबरा जैसे दुर्लभ प्रजाति के सांपों का बसेरा है। किंग कोबरा के डीएनए अध्ययन का प्लान तैयार किया गया है हालांकि इस दिशा पर अभी काम शुरु नहीं हो पाया है। बताया जाता है इसकी अनुमति के लिए वरिष्ठ अफसरों की अनुमति मिलने पर ही इसका डीएनए का अध्ययन किया जाएगा। कोरबा में पाया जाने वाला किंग कोबरा किस प्रजाति से ताल्लुक रखता है? यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या कोरबा में पाया जाने वाला किंग कोबरा दुनिया भर की चार प्रजातियों से कोई अलग, पांचवी प्रजाति का है? यदि ऐसा होता है तो यह न सिर्फ कोरबा और छत्तीसगढ़ बल्कि दुनिया भर के लिए एक बड़ी खोज होगी।

## पहाड़ी और नाला ही इनका अनुकूल क्षेत्र

शोध के दौरान विशेषज्ञों की टीम पिछले 1 सालों से जंगल की चप्पे चप्पे की निगरानी कर रही थी। कभी सुबह तो कभी रात तो कभी शाम वन विभाग की टीम हर अलग-अलग समय में किंग कोबरा को लेकर शोध किया है। शोध के दौरान जो बात सामने आई है उसके मुताबिक कोरबा का जंगल उनके लिए बेहतर अनुकूल इसलिए है क्योंकि कोरबा के ज्यादातर इलाके पहाड़ियों से घिरे हुए हैं और पहाड़ियों से उतरने वाला पानी जो नदी, नाला का स्वरूप ले रहा है इसी इलाके में रहना इन किंग कोबरा को बेहतर पसंद आता है। यही वजह है कि यह किंग कोबरा को कोरबा का जंगल भाता है और इसी वजह से इनका कुनबा लगातार बढ़ते ही जा बताया जाता है। यह लेमरु क्षेत्र में भी पाए जाने लगा है जो आने वाले दिनों में बांगो डूबान के क्षेत्र में भी उनकी मौजूदगी देखी जा सकती है और धीरे-धीरे आने वाले दिनों में यह कटघोरा वनमंडल की ओर रुख भी कर सकते हैं क्योंकि कोरबा और कटघोरा वनमंडल घने वनों से आच्छादित क्षेत्र है और इनको इस इलाके में बेहतर रहवास मिलेगा।

# सूने मकान में चोरों का धावा सोने से भरी पोटली छोड़ भागे



चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक विद्युत विभाग का कर्मचारी अपने घरेलू काम से बाहर गया हुआ था। इस दौरान चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है लेकिन चोर अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो पाए। चोरों की नजर सोने से भरी पोटली पर नहीं पड़ी और उसे घर पर छोड़ दिया जबकि अन्य सामानों को लेकर फरार हो गए हैं। मामले की शिकायत सामने आने पर सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। तहकीकात के दौरान पुलिस ने वह पोटली बरामद किया है। फिलहाल पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। यहां एनडी-42 सीएसईबी कालोनी में निवासरत बी बी सुब्रमण्यम कुछ दिन पूर्व अपने घरेलू काम से 21 अप्रैल को वहां आंधप्रदेश गए हुए थे और सुब्रमण्यम जब मंगलवार को वापस लौटा तो उसने देखा कि घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण सिक्के इत्यादि की चोरी कर ली है। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि चोरों ने घर के पीछे से प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुब्रमण्यम ने बताया कि उसकी पत्नी रायगढ़ से वापस आएगी तभी पता चलेगा कि कितने की चोरी हुई है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, 19 स्थायी वारंट 107 गिरफ्तारी वारंट की कराई गई तामिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस द्वारा जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही मंगलवार को जिला पुलिस की टीम ने वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया जिसमें 19 स्थायी वारंट तो 107 गिरफ्तारी वारंटियों की तामिली कराई गई है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने तथा अरसे से फरार स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की तमिल के निर्देश के बाद जिले के सभी थानों में वारंटियों के गिरफ्तारी की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। विगत तीन दिवस के भीतर विभिन्न थानों में 19 स्थाई तथा 107 गिरफ्तारी वारंटियों सहित कुल 126 अरसे से फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । पुलिस इस कार्यवाही से अपराधियों में अफरा तफरी देखी गई। थाना उरगा, कोतवाली, बालको, पाली, दर्री, करतला, हरदी बाजार, कुसमुंडा, दीपका, बांकीमोंगरा, सिविल लाइन रामपुर, कटघोरा तथा बांगो और पुलिस चौकी कोरबी, जटगा, मोरगा, मानिकपुर एवं सीएसईबी में वारंटों की तामिली हुई। पुलिस अधीक्षक ने स्थाई वारंट तमिल करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा करते हुए बताया कि अपराध, अपराधियों तथा वारंटी के विरुद्ध धर पकड़ का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।



पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

शोक संदेश



स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा । "

कार्यक्रम

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोटः- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार:
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।

विनीतः अशोक चन्द्राकर (पुत्र)
ललित चन्द्राकर (पुत्र)
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)

निवासः गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे

### वर्ष 2016 से पुनरीक्षित वेतनमान ले रहे कर्मियों का महंगाई भत्ता 53 की जगह हुआ 55 प्रतिशत

# बिजली अधिकारी-कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में कार्यरत ऐसे अधिकारी कर्मचारियों जिनके द्वारा 1 अप्रैल 2016 से पुनरीक्षित वेतनमान प्राप्त किया जा रहा है उनको दी जाने वाली महंगाई भत्ते की वर्तमान दर 53 प्रतिशत को बढ़ाकर 1 जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत कर दिया गया है। जिसके अनुसार संशोधित दर के मान से महंगाई भत्ते का नियमित भुगतान माह अप्रैल 2025 के वेतन के साथ किया जाएगा। माह जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक देय महंगाई भत्ते की बकाया राशि का भुगतान माह अप्रैल 2025 से जून 2025 के वेतन के साथ तीन समान किश्तो में किया जाएगा।

विद्युत कंपनीज के ऐसे अधिकारियों कर्मचारियों को जो माह अप्रैल 2025 से माह जून 2025 के मध्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं उन्हें महंगाई भत्ते की एरियर्स की राशि का भुगतान सेवानिवृत्ति माह तक पूर्ण कर लिया जाए। महंगाई भत्ते के भुगतान के लिए गणना के लिए 50 पैसा या उससे अधिक के अंश को एक रूपये तथा 50 पैसा से कम अंश को गणना में नहीं लिया जाएगा। इसी तरह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के पेंशनर्स व आश्रमितों को दी जाने वाली महंगाई राहत जो वर्तमान दर 53 प्रतिशत है उसे 1 जनवरी से 55 प्रतिशत कर दिया गया है। जिसके साथ अब संशोधित दर के मान से महंगाई राहत का नियमित भुगतान माह अप्रेल, 2025 के पेंशन परिवार पेंशन के साथ किया जावेगा। माह जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक देय महंगाई राहत की बकाया राशि का भुगतान माह अप्रेल 2025 से जून 2025 के पेंशन परिवार पेंशन के साथ तीन समान किश्तो में किया जाएगा। महंगाई राहत के भुगतान हेतु गणना के लिये 50 पैसा या उससे अधिक के अंश को एक रूपये तथा 50 पैसा से कम अंश को गणना में नहीं लिया जाएगा। पेंशन पर देय राहत की गणना मूल पेंशन अर्थात सारांशीकरण के पूर्व की पेंशन पर होगी।

**खास बात**

- सेवानिवृत्त पेंशनर्स को दी जाने वाली महंगाई राहत भी 53 से बढ़कर हुआ 55 प्रतिशत



फाइल फोटो

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना से दैनिक जरूरतें हो रही पूरी

**कोरबा।** महिलाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त होता है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ रही है। कोरबा विकासखण्ड के बोड़ानाला की रहने वाली श्रीमती शनिरो मंझवार ने योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनी है। उन्होंने कहा कि योजना से प्रतिमाह खाते मे 1000 रुपए मिलने से महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में आसानी होती है। हितग्राही ने कहा कि पिछले साल योजना शुरू होने के साथ ही उन्हें हर माह समय पर राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे अपने एवं अपने दैनिक आवश्यताओं एवं परिवार की जरूरतों को पूरा करने में करती है। उन्होंने कहा कि हर माह खाते में राशि जमा होने से महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है। साथ ही उन्हें वित्तीय सुरक्षा भी मिला है। जिससे वे अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन आसानी से कर पा रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### बीकन स्कूल में बाल क्रीडा विद्यालय के लिए भूमिपूजन



**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा के सौजन्य से बीकन विद्यालय में बाल क्रीडा विद्यालय (प्ले स्कूल )के लिए एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। जिसका भूमिपूजन मेनो क्रिश्चियन एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष पी वी सोना के करकमलों से द्वारा किया गया। तत्पश्चात विद्यालय से सेवा मुक्त हुए शिक्षिका सुश्री चन्दना अधिकारी और प्रयोगशाला सहायक सुदेश सिंह को पूरे बीकन परिवार के तरफ से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य एम बी गाटलिब के द्वारा उनके सम्मान में प्रशस्ति पत्र पढ़ा गया तथा पी वी सोना के द्वारा प्रशस्ति पत्र को प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सुश्री पी बारीक, जी एस पटेल, डी के पांडे, यतीमा अतुल नाथन, एस के नाडिग, डी सिंह, रश्मि इग्नेशियस, एन हिंडारिया, एम जे चौहान, सलोमी बाघ, अपराजिता, मिथू चटर्जी, शांतनु, बीना, रिया, सत्यप्रकाश,यशवंत, नरोत्तम निखिलेश, लखन, संतोषी, अरुणा अजीत तिवारी, कल्पना मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बिजली कर्मी भी पांच वर्ष के बाद पदोन्नति के लिए पात्रः चेट्टी



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2020 तथा 2023 में सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारी भी 5 वर्ष की सेवा पश्चात पदोन्नति के लिए पात्र हैं, ऐसे कर्मचारियों की प्रारंभिक नियुक्ति डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के संयुक्त पद पर हुई है। जिसका मूल पद कार्यालय सहायक श्रेणी 3, वेतनमान 23 हजार 900 रूपये है। इस कारण इस पद पर कार्य कर रहे कर्मचारी 5 वर्ष की सेवा उपरांत पदोन्नति के नियम अनुसार कार्यालय सहायक श्रेणी दो के पद पर पदोन्नति के पात्र हैं। उक्त बातें छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 के महासचिव आरसी चेट्टी ने दुर्ग–राजनांदगांव क्षेत्र में पदस्थ कार्यालय सहायक श्रेणी 3 एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मचारियों द्वारा 27 अप्रैल को आयोजित परस्पर मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान कही। श्री चेट्टी ने कहा कि इस संवर्ग में सीधी भर्ती से आए 1100 साथियों ने फेडरेशन के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया है। आप सभी के सहयोग व संगठन के प्रयास से विगत 2 वर्षों में डी.ए एवं इंक्रीमेंट एरियर्स का लाभ आपको मिला है, लेकिन इस आर्थिक लाभ के अलावा आपकी पदोन्नति 6 माह प्रशिक्षण, व अन्य सेवा शर्तों की मांग को पूरा करना फेडरेशन का लक्ष्य है, उम्मीद है आप सभी के सहयोग से आपको सफलता मिलेगी।आपको भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए फेडरेशन आपकी सेवा शर्तों से उच्च शिक्षा अन्य संस्था हेतु अनापत्ति तथा तकनीकी पदों पर भी आपको विभागीय भर्ती के माध्यम से अवसर प्रदान करना चाहता है। मुझे उम्मीद है कि हम सब इस लक्ष्य को संगठित होकर अवश्य प्राप्त करेंगे। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र तिवारी, प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, महामंत्री कार्यालय सचिव बलजीत कंवर, राजेश खरे, दूचंद देवांगन, ललित दुबे, महेंद्र सोनवानी, अशोक सुकतेल, इंदर सोनकर, जीतेश बागड़े, शैलेन्द्र सोनबॉयर, सतीश साहू, देवेन्द्र साहू, बिंदेश्वरी पटेल, दीक्षा देवांगन, भीगेश्वरी, दीपक सिंहा, सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार के तहत प्राप्त शिकायतों व मांगों का मामला

# निगम आयुक्त ने की शिकायत व मांगों के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने नगर निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के अंतर्गत आमनागरिकों द्वारा विभिन्न मांग व शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए। आवेदन पत्रों एवं उनके निराकरण की कार्यप्रगति की समीक्षा की। आवेदनों की जोनवार व विषयवार समीक्षा करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के तहत नगर निगम से जुडे. निर्माण व विकास कार्यो सड़क, नाली तथा अन्य मरम्मत कार्य, स्ट्रीट लाईट, पेयजल, साफ-सफाई आदि के साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता, विभिन्न पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा, नामांतरण, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शिकायतों व मांग संबंधी जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन सभी आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं।

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार 7 मई से 27 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से आवेदनकर्ताओं व नागरिकों को उनके द्वारा विभिन्न मांग व शिकायत के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी उन्हें प्रदान की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के आयोजन के प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन निगम के सभी 7 जोन कार्यालयों में किया गया था तथा इस दौरान नागरिकों से उनकी मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा कराए गए थे। वहीं द्वितीय चरण में इन प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण किया जा रहा है, तत्पश्चात 07 मई से 27 मई के बीच समाधान शिविर आयोजित होंगे। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर सुशासन तिहार की तैयारियों की समीक्षा की तथा सभी जोन कार्यालयों में इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने सुशासन तिहार के आयोजन के संबंध में विभिन्न जोन हेतु प्रभारियों की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक दायित्व सौपे हैं। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभिंयता सुरेश बरूवा, उपायुक्त द्वय बीपी त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, तपन तिवारी, अखिलेश शुक्ला, एनके नाथ, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, विमल सिंह गोयल, मनीष दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एसईसीएल कर्मी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



घटनास्थल का मुआयना करती पुलिस एवं इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक एसईसीएल कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत एम-444 विकासनगर कुसमुंडा निवासी गोपाल राम उम्र 42 वर्ष पिता धनसाय कुसमुंडा परियोजना में केटेगिरी वनकर्मी के रुप में पदस्थ था। उसके साथ सूरत लाल भी एक ही क्वार्टर में रहता था। सूरत बीते सोमवार को अपने गांव चला गया था। मंगलवार की सुबह गोपाल से संपर्क करने के लिए उसके साथियों ने प्रयास किया उसे फोन भी लगाया, साथ ही क्वार्टर का दरवाजा भी खटखटाया पर किसी प्रकार से उससे संपर्क नही हो पा रहा था। ऐसे में अनहोनी की आशंका में कुसमुंडा पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची, खटखटाने पर कोई आवाज नहीं होने पर पड़ोसियों के सामने दरवाजे को तोड़ा गया। जिसके बाद का दृश्य देख सभी हतप्रभ रह गए। कर्मी ने कमरे में लगे पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। बताया जा रहा की मृतक का परिवार भटगांव क्षेत्र में निवासरत है जिन्हे सूचना दी गई है।

## जिला अस्पताल में नियम विरूद्ध संविदा नियुक्ति को रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने जिला चिकित्सालय में विभिन्न पदों में नियम विरुद्ध की गई भर्ती को निरस्त करते हुए निष्पक्ष तरीके से पुनः नई भर्ती और भर्ती में भूविस्थापितों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षित करने की मांग की है।

**खास बात**

- भूविस्थापित कल्याण समिति ने सीएम को लिखा पत्र

संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख कहया है केंद्र सरकार ने विभिन्न खदानों से प्रत्यक्ष प्रभावित लोगो और प्रभावितों क्षेत्रों के विकास के लिए जिला खनिज न्यास ट्रस्ट के गठन का कानून बनाया है, वर्तमान में जिला खनिज न्यास ट्रस्ट में लगभग 4 हजार करोड़ प्राप्त कर चुका है। वहीं इसके विपरीत खदान से पुनर्वास गावों में विकास के कोई भी कार्य नहीं कराया गया है। वहीं जिला खनिज न्यास ट्रस्ट द्वारा जिला चिकित्सालय में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, फीडिंग डायमोस्टेटर, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, ड्रेसर, फार्मेसिस्ट, रेडियोग्राफर, ग्रामीण स्वास्थ सेवक महिला व पुरुष एवं अन्य विभिन्न लगभग 300 पदो पर संविदा भर्ती की है, उपरोक्त संविदा भर्ती में राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के संविदा भर्ती के लिए निर्धारित मापदण्डों का पूर्णतः उल्लघन करते हुए इस भर्ती प्रतियाँ की विज्ञापन सूचना अखबारों में प्रकाशित कराये बिना ही भर्ती की गई और इस भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण के प्रावधानों का भी पालन नहीं किया गया, अतः उपरोक्त किए गये संविदा भर्ती को तत्काल निरस्त किया जाए।

## जमीन मिलने के बाद सभी 115 कामगार की हुई काम में वापसी



वार्ता के दौरान उपस्थित भूविस्थापित व एसईसीएल के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उत्पादन के लिए जमीन को तरसती कुसमुंडा परियोजना में उम्मीद की किरण जगी है, ये उम्मीद की किरण ठेका कंपनी नीलकंठ के अधिकारियों के लगातार प्रयासों से आई है। ज्ञात हो कि बीते कुछ सप्ताह से जमीन नहीं होने की वजह से पाली ग्राम के लगभग 115 ग्रामीणों को बैठा दिया गया था। क्षेत्र के ग्रामीण श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन के नेतृत्व में सभी एकजुटता के साथ इसका विरोध भी जता रहे थे। वहीं निकाले गए कामगारों के समर्थन में कई गांवों के कामगार भी समर्थन में आए। जिसे लेकर पुलिस,प्रशासन प्रबंधन और ठेका कंपनी के मध्य बैठक का दौरा भी चल रहा था। इस बीच नीलकंठ ठेका कंपनी के जीएम अश्वनी सिंह और एच आर मुकेश सिंह द्वारा सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी की उपस्थिति में पाली क्षेत्र के ग्रामीणों और भूविस्थापित नेताओं संग बैठक हुई। जिसमें ठेका कंपनी के अधिकारी अश्वनी सिंह ने बड़े ही शालीनता के साथ ग्रामीणों के समक्ष अपनी बात रखी जिसमें उन्होंने कहा की हमारा काम माइनिंग का है, जमीन होगी तो काम आगे चलेगा, मशीनें चलेंगी, सभी को सैलरी मिलेगी। जमीन नही होगी तो कैसे काम होगा,ऐसे में सेलरी भी देना संभव नही होगा। अब जब आप सभी एकमत होकर हमें जमीन उपलब्ध करा रहे है तो काम फिर से शुरू होगा और सभी 115 कामगारों को काम पर रखा जायेगा। वहीं श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन का कहना था की चर्चाओं के बाद कंपनी ने सभी कामगारों को वापस रखने की बात कही है, जो की स्वागत योग्य है।

## कबाड़ से लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि 28 अप्रैल की रात 11:55 बजे कबाड़ से लदी ट्रक बाहर जा रही है। सूचना पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी की और वाहन क्रमांक सीजी 12 एयू 6480 जो टाटा अल्ट्रा ट्रक है जिसमे कबाड़ लदा था जिसको जप्त किया गया। इस वाहन का चालक राताखार निवासी मेहुल जातरे उम्र 24 वर्ष पिता संजय जातरे के द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वाहन की तलाशी के दौरान 14 टन वजन की लोहे की कटी हुई चादरें तथा 130 नग लोहे की चादर के प्लेट बरामद किए गए। उक्त संपत्ति पर धारा 106 बीएनएस के तहत जप्त किया गया है और वैधानिक कार्रवाई के लिए पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

## हेलीपैड नर्सरी में अवैध कब्जा धारियों के हौसले बुलंद



जमीन में कब्जा करने खोदी गई नींव और डंप किया गया ईंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निहारिका घंटाघर के पास स्थित हेलीपैड नर्सरी में अवैध कब्जे का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कहने को यह क्षेत्र शहर का महत्वपूर्ण ऑक्सीजन जोन है। यह क्षेत्र बेजाकब्जाधारियों की भेंट चढ़ रही है। बीती रात ईंट से भरा एक ट्रैक्टर पलट गया, जिसके बाद चालक ट्रैक्टर को सीधा कर मौके से फरार हो गया। कब्जाधारियों ने आधी रात को मशीनों से खुदाई की और घर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

बेजाकब्जाधारियों द्वारा खाली पड़े शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा करने के लिए पेड़ों की भी बलि दी जा रही है। नर्सरी में कई सागौन के पेड़ काटे गए हैं, पहले भी इस जगह पर कब्जे के प्रयास हुए थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने चेतावनी बोर्ड लगाए थे। कब्जाधारियों ने नर्सरी की सुरक्षा के लिए लगी फेंसिंग तार को काटकर रास्ता बना लिया है। पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह ने कलेक्टर और नगर से शिकायत की थी। स्थानीय लोग सुबह के समय यहां व्यायाम, मार्निक वाक और क्रिकेट खेलने आते हैं। उन्होंने भी नर्सरी को बचाने के लिए आवाज उठायी है। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न होने से अवैध कब्जे का खतरा बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो शहर का यह ऑक्सीजन जोन पूरी तरह से नष्ट हो सकता है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और नर्सरी को सुरक्षित किया जाए।

## सड़क में मुरुम की जगह डाली मिट्टी, बारिश में चलना मुश्किल



बारिश से कीचड़ से सराबोर हुई सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत मुड़ापार से कोरबी तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण की मांग वर्षों से ग्रामवासियों के द्वारा की जा रही थी। आखिरकार वो पूरी तो हुई लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से क्षेत्र के लोग इस मार्ग में आवागमन करने से परेशान हो चले हैं।

सड़क की समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई। जिसके बाद कलेक्टर ने डीएमएफ से करीब 1 करोड़ 81 लाख 93 हजार रुपए की राशि स्वीकृत कर लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सड़क निर्माण कार्य का आदेश दिया। जिस ठेकेदार को काम दिया गया है उसने गुणवत्ताविहीन कार्य करते हुए सड़क में मुरुम के बजाय मिट्टी डाल दी। नतीजा यह हुआ कि बारिश से सड़क पर फिसलन बढ़ गई और राहगीरों का चलना दूभर हो गया। बाइक सवार लगातार गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने गुणवत्ता, सड़क मजबूती के हिसाब से कार्य आरंभ होते ही सड़क निर्माण में मुरुम डालने की मांग की थी, लेकिन ठेकेदार ने अपनी मनमानी करतें हुए सड़क पर मिट्टी डालनी शुरू कर दी अब समस्या बढ़ गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में मुरुम डालकर दुरुस्त किया जाए, ताकि आम लोगों सहित वाहन चालकों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी उठाई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### किंग कोबरा...

नेचर नामक संस्था पिछले एक साल से कोरबा के जंगलों में विभिन्न इलाकों में लगातार भ्रमण कर शोध कर रही थी अब नोवा नेचर का यह शोध लगभग पूरा हो चुका है। जिसमें हमारे सूत्र बताते हैं कि इस शोध में नई-नई जानकारियां सामने आई है जिसमें मुख्य रूप से पहले कोरबा वनमंडल की पसरखेत रेंज में ही किंग कोबरा पाया जाता था लेकिन शोध में जो जानकारी आए सामने आई है उसके मुताबिक करतला रेंज को छोड़ दिया जाए तो बाकी बालको, कोरबा, लेमरू, कुदमुरा सभी रेंज में किंग कोबरा की मौजूदगी पाई गई है जो वन विभाग के लिए अच्छी खबर बताई जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों को अब शोध की रिपोर्ट नोवा नेचर सौंप देगी। जिसके आधार पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस रिपोर्ट को वरिष्ठ अफसर को सौंपेंगे और वरिष्ठ अफसर के निर्देश पर किंग कोबरा को कैसे बेहतर रहवास दिलाया जा सके और इनके कुनबे को और कैसे बढ़ाया जा सके इस पर विभाग प्रयास करेगा।

### न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा खातेदार ईश्वरी बाई पिता हरिशचंद्र ग्राम कुमगरी तसील दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम गेवरा (भैसमाखार) तहसील दीपका स्थित भूमि ख.न. 195/3 रकबा 0.34 ए. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार/खातेदारों द्वारा अर्जित भूमि के एवज में निशांत सिंह तंवर पिता अवधेश सिंह को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 09/05/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 24/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

### शपथ-पत्र

मैं करूणा बाई उम्र 42 वर्ष पति शांतिलाल जाति सतनामी निवासी ग्राम हरदीबाजार तहसील हरदीबाजार जिला-कोरबा छ0ग0 का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ- 01. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में सही नाम करूणा बाई दर्ज है। 02. यह कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश पांचो बाई टंडन दर्ज है। 03. यह कि मेरा वास्तविक नाम करूणा बाई पति शांतिलाल है जो कि सत्य एवं सही है। 04. यह कि मेरे आधार कार्ड त्रुटिवश पांचो बाई टंडन को सुधार का करूणा बाई दर्ज किया जावे। 05. यह कि कैरूणा बाई एवं पांचो बाई टंडन एक ही व्यक्ति का नाम है। 06. यह कि मैं अपने कथन के समर्थन एवं प्रमाण स्वरूप इस शपथपत्र का निष्पादन कर रहा हूँ कि यह शपथ पत्र संबंधित संस्था/कार्यालय में सादर सम्प्रेषित है। अस्तु यह शपथ पत्र संबंधित कार्यालय में सादर प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**करूणा बाई**

कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### क्षमता निर्माण कार्यशाला में शामिल हुए सीमा, प्राची, नोहर

**कोरबा।** पीएम श्री अंतर्गत स्टेम शिक्षकों का क्षमता निर्माण कार्यशाला उच्च शिक्षण संस्थान के साथ मिलकर साइंस एवं टेक्नोलॉजी में दक्ष करने आईसर पुणे में 26 अप्रैल से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा एवं राज्य परियोजना छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित है। पीएम श्री के राज्य समन्वयक आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल 2025 को उक्त प्रशिक्षण हेतु पुणे प्रस्थान करेगी। इस प्रशिक्षण में साइंस एवं टेक्नोलॉजी के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएम श्री विद्यालयों के कोरबा जिला के बल्को से श्रीमती सीमा स्वर्णकार, तिलकेजा से सुश्री प्राची पाण्डेय, पोड़ी उपरोड़ा से नोहरसिंह, करताला से श्रीमती नीलिमा पटेल, दीपका से तेजस्वी रात्रे, बाकी मोंगरा से सुश्री विशेषा बाजपेयी शामिल होंगे। कार्यशाला से पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों को सांइस एवं टेक्नोलॉजी की बेहतर जानकारी मिलेगी।

### गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य केंद्रों में होती है निःशुल्क जांच

**कोरबा।** जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज सहित जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच और उपचार की व्यवस्था है। यहां महिला चिकित्सक व गायनकोलॉजिस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है, उन्हें प्रसव से संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ जन्म से पहले आवश्यक देखरेख और सावधानी के विषय में बताया जाता है। किसी प्रकार की समस्या आने पर गायनकोलॉजिस्ट द्वारा उपचार किया जाता है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बुधवार और माह के प्रति 9 तथा 24 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गायनकोलॉजिस्ट उपचार एवं परामर्श हेतु निर्धारित समय पर उपस्थित होती है। जिसमें अलग दिनों में गायनकोलॉजिस्ट महिला चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच तथा उपचार की जाती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना के अंतर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी माह के 9 और 24 तारीख को गायनकोलॉजिस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच तथा उपचार किया जाता है।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

# लंबे समय से स्कूल में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की मांगी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने टीएल के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत 5 मई से आयोजित होने वाले समाधान शिविरों का आयोजन की तैयारी की समीक्षा कर निर्देशित किया कि शिविर का आयोजन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि आसपास के ग्रामीण और आवेदन देने वाले आवेदक आसानी से पहुँच जाएं।

कलेक्टर श्री वसंत ने शिविर के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने और सभी को सूचना देने के निर्देश देते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविरों की जानकारी प्रदान करने के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने शिविर हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने तथा आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी से इस सत्र स्कूल में जाने वाले विद्यार्थियों का जाति प्रमाणपत्र शीघ्र बनाने और 16 जून को विद्यालय प्रारंभ होने के साथ ही वितरण के निर्देश एसडीएम को दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने सभी विभागों को सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के साथ ही संबंधित आवेदकों को शिविर के माध्यम से उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन अधिकार पत्र अंतर्गत आवेदन के पात्र और अपात्र की सूची अलग करके पात्र ग्रामीणों को लाभान्वित करने तथा इसके लिए ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य शासन द्वारा विद्यालय और अतिशेष शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण के सम्बंध में जारी निर्देशों के तहत सूची बनाकर कार्यवाही के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने विद्यालय में अतिशेष शिक्षकों की सूची बनाकर उन्हे कम शिक्षक वाले विद्यालय में युक्तिकरण के निर्देश दिए। उन्होंने भू अर्जन के प्रकरणों के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट में सीसीटीवी लगाने के निर्देश देते हुए अशोक वाटिका के एमओयू, एलुमिना पार्क, अप्पू गार्डन के सम्बंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने शिक्षा विभाग अंतर्गत अनुपस्थित शिक्षकों की फ़ाइल पुटअप करने, राजस्व अंतर्गत विभागीय जाँच की कार्यवाही पूर्ण कर फ़ाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाने और राजस्व अंतर्गत सीमांकन, बटांकन सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण के कार्यों की नियमित समीक्षा और प्रगति के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए।



बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र के कार्यों में प्रगति लाने,आरबीसी 6-4 और सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावितों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज कर समय पर मुआवजा वितरण के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को दी जाने वाली राशि का हिसाब प्रस्तुत करने,आंगनबाड़ी में बिजली कनेक्शन लगाने, बलसेन्धा से माली कछार तक विद्युतीकरण के सम्बंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने वृद्धाश्रम और दिव्यांग विद्यालय के संचालन और उपस्थिति की जानकारी लेते हुए दिव्यांग विद्यालय में रहने के इच्छुक विद्यार्थियों को वहीं रखकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्ल्स कॉलेज हॉस्टल को इस शिक्षा सत्र से प्रारंभ करने, नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बॉउंड्रीवाल निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत कार्यों की जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, निगमायुक्त आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के नागेंद्र बने सचिव

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में हुई रविवार को हुई बैठक में संभाग अध्यक्ष राहुल डिक्सेना संभाग सचिव अमरीक सिंह रिंकू जिलाध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना की उपस्थिति में संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी के तहत कुसमुंडा संरक्षक अमरीक सिंह रिंकू ,अध्यक्ष के लिए पुनः ओम गवेल की न्युक्ति की गई। वही कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए मनीष महंत, गुरदीप सिंह, सचिव नागेन्द्व विस्वकर्मा, सहसचिव कुलदीप मिरी, कोषाध्यक्ष ओमकार यादव, कार्यालय प्रभारी कन्हैया चौहान मीडिया प्रभारी कुलदीप साहू जितेंद्र साहू कार्यकारिणी सदस्य में दिनेश अग्रवाल चित्रसेन नाहक, रूपेश महंत, नरेश महंत, सुनील राजपूत फिरत पाटले नियुक्त हुए। वहीं सतपाल सिंह (जस्सू) को जिला मंत्री व अभिषेक आदिले को जिला उपाध्यक्ष के लिए मनोनीत किया गया है।

# कोल इंडिया के वित्तीय वर्ष के नतीजे 7 को, डिविडेंड का ऐलान भी संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम डिविडेंड का ऐलान 7 मई को किया जा सकता है। बोर्ड की बैठक में मंजूरी मिलने के बाद ही कंपनी की ओर से नतीजे जारी किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि 7 मई को संभवतः कोल इंडिया चौथी तिमाही के नतीजों के साथ कारोबारी साल 2024-25 के लिए अंतिम डिविडेंड का ऐलान भी कर सकता है। कोल इंडिया लिमिटेड ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे के लिए 7 मई को बोर्ड की बैठक आयोजित होगी। बोर्ड बैठक में मंजूरी मिलने के बाद ही कंपनी की ओर से नतीजे जारी किए जाएंगे। कोल इंडिया के के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक 7 मई को होगी, जिसमें 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही और पूरे कारोबारी साल के लिए ऑडिटेड वित्तीय नतीजों (स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड) पर विचार, अप्रुवल और रिकॉर्ड किया जाएगा। कोल इंडिया प्रबंधन संभवतः 7 मई को चौथी तिमाही के नतीजों के साथ कारोबारी साल 2024-25 के लिए अंतिम डिविडेंड का ऐलान भी कर सकता है। इस बैठक में डिविडेंड देने का फैसला होता है तो अगले आम सालाना बैठक (एजीएम) में शेयर होल्डर्स से भी इसकी मंजूरी ली जाएगी।




फाइल फोटो

# दिन भर रहा मौसम साफ, शाम को चली आंधी, गौशाला का उड़ा शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते दो दिनों से मौसम के बदले तेवर के कारण हुई बारिश से लोगों को राहत मिली है। सोमवार को 2 घंटे हुई बारिश से शहर तर बतर हो गया था। मंगलवार सुबह मौसम साफ रहने से दिन भर धूप रही। शाम को तेज आंधी चलने की वजह से एक गौशाला का शेड उड़ गया वहीं कई बार शादी समारोह के पंडाल भी उखड़ गया तथा शहर के कई हिस्सो में कई बार बिजली बार बार गुल होती रही।

जिले में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। सोमवार को तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझमग बारिश हुई। बिजली कड़की और ओले भी गिरे। शहर की कई बस्तियों में जलभराव की स्थिति बन गई। मंगलवार को भी दोपहर से मौसम में बदलाव शुरू हुआ। काली घटाएं छाईं और शाम होते ही तेज आंधी-तूफान ने दस्तक दी। आकाशीय बिजली चमकी और हल्की बारिश हुई। तूफान के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। एसईसीएल, सीएसईबी और श्रमिक बस्तियों में बिजली गुल हो गई। तूफान ने शादी समारोहों को भी प्रभावित किया। मानिकपुर मुख्य मार्ग स्थित जयप्रकाश पंडाल में चल रहे विवाह समारोह में पंडाल उड़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पाली विकासखंड के मुरली गांव में स्थित गौशाला में तूफान ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। गौशाला का पूरा शेड उड़ गया। गौशाला संचालक विनोद शुक्ला के अनुसार, यहां 350 गायें हैं। सौभाग्य से किसी गाय को नुकसान नहीं पहुंचा। अब गायें खुले आसमान के नीचे तेज धूप में रहने को मजबूर हैं। गौशाला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।



आंधी से गौशाला का उड़ा शेड।







## 125 राइस मिलर्स से हुआ था एग्रीमेंट, 122 ने ही किया उठाव

# धान उठाव के मिलान के बाद राइस मिलर्स पर लगाई जाएगी पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान उठाव के लिए विपणन विभाग द्वारा 125 राइस मिलर्स से एग्रीमेंट किया गया था किंतु 122 राइस मिलर्स ने ही धान उठाव कार्य किया है जो जिले के धान मंडियों के अलावा मुंगेली जिले से

**खास बात**

- डेढ़ से 2 लाख रुपए की लगाई जा रही है पेनाल्टी

भी धान उठाव का कार्य कर रहे हैं। निर्धारित समय पर धान का उठाव नहीं करने की स्थिति में राइस मिलर्स पर पेनाल्टी लगाए जाने के प्रावधान के अंतर्गत विपणन विभाग ऐसे राइस मिलर्स के धान उठाव के मिलान की कार्यवाही कर रहा है और उन पर पेनाल्टी लगाने की नोटिस जारी किया है। एक से डेढ़ लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई जा रही है जो राज्य शासन के खाते में जमा की जाएगी।



धान उठाव के लिए विपणन विभाग द्वारा राइस मिलर्स से एग्रीमेंट किया जाता है। खरीदी के 10 दिन के भीतर मंडियों से धान उठाव करने के निर्देश राज्य शासन के हैं इस अवधि में धान का उठाव नहीं करने वाले राइस मिलर्स पर पेनाल्टी लगाने का भी प्रावधान है। इस वर्ष लगभग 31 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है किंतु किसी भी समिति से धान का उठाव 10 दिन की अवधि में नहीं किया गया। ऐसे राइस मिलर्स को पेनाल्टी की कार्यवाही की जा रही है। विपणन विभाग की मानें तो प्रत्येक राइस मिलर्स को पेनाल्टी लगाई जा रही है। अभी भी अन्य जिलों से धान उठाव का काम चल रहा है। उक्त धान के उठाव के मिलान के बाद राइस मिलर्स को जो भुगतान किया जाता है उस राशि से ही पेनाल्टी की राशि विभाग समायोजित कर लेता है। लगभग 30 लाख रुपए की राशि इस वर्ष वसूली किए जाने की जानकारी सामने आयी है। हालांकि अभी भी मिलान का काम चल रहा है। ऐसे में यह राशि और भी ज्यादा होगी।

### धान उठाव का तैयार हो रहा रिकार्ड

विपणन विभाग के द्वारा धान उठाव का रिकार्ड तैयार किया जा रहा है उसके हिसाब से पैनाल्टी भी लगाई जा रही है। विपणन विभाग अब तक एक-एक राइस मिलर्स को होने वाले बिल भुगतान का मिलान किया जा रहा है और उक्त राशि से ही पेनाल्टी की राशि की जाती है। कई राइस मिलर्स ऐसे हैं जिन पर पेनाल्टी की राशि 2 लाख से ऊपर पहुंच जाती है इससे विपणन विभाग के माध्यम से राज्य शासन को राजस्व आय हो रही है जो लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक हो जाती है।

### एक से दो लाख की पेनाल्टी

धान उठाव होने के बाद ऑनलाइन पेनाल्टी जारी होती है जो राइस मिलर्स को होने वाले बिल भुगतान से समायोजित कर ली जाती है। पेनाल्टी की राशि किसी राइस मिलर्स को 1 से 2 लाख तो किसी को इससे ज्यादा की पेनाल्टी लगाई जाती है।

-जान्हवी जिल्हारे
जिला विपणन अधिकारी

### नुकसान झेलती है समिति

धान उठाव में देरी होने के कारण समितियों को धान के सूखने पर वजन का नुकसान उठाना पड़ता है और विपणन विभाग जितने क्विंटल का डीओ राइस मिलर्स को काटता है उतना धान समितियों को राइस मिलर्स को देना पड़ता है। इस नियम के कारण धान समितियों को आर्थिक नुकसान की समस्या से जूझना पड़ता है। समिति प्रबंधकों के अनुसार धान बेचने वाले किसान को उसकी लाए गए मात्रा के हिसाब से भुगतान होता है किंतु धान की ज्यादा समय तक रखे होने के कारण उसका वजन कम हो जाता है और राइस मिलर्स को उक्त कम धान की भरपाई समितियों को करना पड़ता है जबकि धान उठाव में देरी करने वाले राइस मिलर्स को पैनाल्टी लगाकर विपणन विभाग अपनी वसूली कर लेता है किंतु दूसरी ओर समितियों को होने वाले नुकसान की भरपाई नहीं हो पाती।

## दंतैल ने उत्पात मचाते हुए चार मकानों को किया क्षतिग्रस्त

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक में हाथी का उत्पात लगातार जारी है। ग्रामम पोड़ीखुर्द निवासी दुबे राम पिता हीरावन साय यादव के मकान को हाथी ने तोड़ दिया। हाथी ने चार घरों को नुकसान पहुंचाया है। कौशल पिता दयाल सिंह के मकान को भी नुकसान पहुंचाया गया है। हाथियों के झुण्ड की मौजूदगी के साथ-साथ इनके द्वारा की जा रही धन हानि से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नुकसानी का उचित मुआवजा की इन्हें अपेक्षा है ताकि घर फिर से बना सकें।




## लक्की बनी एमबीबीएस में यूनिवर्सिटी टॉपर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ की बेटी लक्की तिवारी ने अपनी मेहनत और लगन से प्रदेशभर में नाम रोशन किया है। शासकीय मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर की छात्रा लक्की ने एमबीबीएस फाइनल पार्ट-1 परीक्षा में यूनिवर्सिटी की मेरिट सूची में जगह बनाई है। लक्की कोरबा निवासी युगल किशोर तिवारी और मीरा तिवारी की बेटी हैं। बचपन से ही पढ़ाई में तेज लक्की ने कई बार मेरिट सर्टिफिकेट हासिल किए और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे उनके माता-पिता, गुरुजन और बहन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तिवारी परिवार की बड़ी बेटी मेघा तिवारी भी शिक्षा के क्षेत्र में पीछे नहीं रहीं। उन्होंने पिछले साल एम कॉम में यूनिवर्सिटी टॉप किया था और उन्हें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा द्वारा गोल्ड मेडल से नवाजा गया था।


लक्की तिवारी

## पांचवीं एवं आठवी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी

**कोरबा।** शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा पांचवीं एवं आठवी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले में पांचवी कक्षा में दर्ज बच्चों की कुल संख्या 19 हजार 373 है। परीक्षा में सम्मिलित बच्चों की कुल संख्या 19 हजार 65 एवं उत्तीर्ण बच्चों की कुल संख्या 18 हजार 518 है। पांचवी के विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.13 रहा।

### दो मंजिला शादी भवन पर चला बुलडोजर

**बिलासपुर।** जरहाभाठा में मंदिर चौक स्थित नजूल भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए 2 मंजिला भवन को तोड़ दिया है। निगम के मुताबिक यहां शादी भवन बनाया जा रहा था। इस अवैध निर्माण की शिकायत पर निगम ने कुछ दिन पहले ही नोटिस जारी किया था।













